अजीत समाचार 23/04/24

कॉलेज में लैंग्वेज लैब साफ्टवेयर कार्यशाला का आयोजन

अम्बाला कैंट, 22 अप्रैल (अग्रवाल): जीएमएन कॉलेज के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा आज हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत एवं पंजाबी प्राध्यापकों के लिए लैंग्वेज लैब साफ्टवेयर कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डा. रोहित दत्त ने वर्तमान संदर्भ में उच्च शिक्षा में भाषा प्रयोगशाला की प्रासंगिकता को प्रभावी तरीके से सीखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यशाला में आरेल टाक ट्रेनर ने लैंग्वेज लैब साफ्टवेयर के अंतर्गत विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व को बढ़ाने के लिए व्यक्तित्व विकास, समूह चर्चा, साक्षात्कार कौशल और कई अन्य साफ्ट स्किल्स को भी शामिल किया। जिन के उपयोग से विद्यार्थी आत्मविश्वास के साथ-साथ सार्वजनिक रूप से बोलने के डर को दूर कर सकते हैं। शिक्षण विधियों में प्रयुक्त यह एक दृश्य-श्रव्य इंटरैक्टिव पाठ्यक्रम है, जो सभी भाषाओं को सिखाने और सीखने की पारंपरिक प्रणाली से बहुत अलग अनुभव प्रदान करता है।